# पर्यटन अध्ययन

## डीटीएस

## सत्रीय कार्य पुस्तिका
## (2023)

## अनिवार्य पाठ्यक्रम
## टीएस–1, टीएस–2 और टीएस–3
## वैकल्पिक पाठ्यक्रम
## टीएस–4, टीएस–5 और टीएस–6

पर्यटन एवं आतिथ्य सेवा प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इंदिरा गांधी रा□ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

# डीटीएस सत्रीय कार्य

## पर्यटन अध्ययन सत्रीय कार्य

प्रिय विद्यार्थी,

आपको पर्यटन अध्ययन के प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना है।सत्रीय कार्य को करने से पहले कृपया पर्यटन अध्ययन की कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। हम आपको टीएस–1,टीएस–2, टीएस–3, टीएस–4, टीएस–5, और टीएस–6 के सत्रीय कार्य भेज रहे हैं।

नोटः **सभी सत्रीय कार्यों को समय पर अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें। अपने सत्रीय कार्य के मुख पृष्ठ पर अपनी नामांकन सं., नाम, पता, सत्रीय कार्य कोड एवं अध्ययन केंद्र कोड लिखें।**

**जमा कराए गए सत्रीय कार्य के बदले में अपने अध्ययन केंद्र से उसकी रसीद प्राप्त कर लें। यदि संभव हो तो सत्रीय कार्य की एक प्रति अपने पास रखें।**

मूल्यांकन के बाद, अध्ययन केंद्र द्वारा आपको सत्रीय कार्य वापस भेजा जाना अपेक्षित है। कृपया इसके लिए अनुरोध करें और रिकॉर्ड के रूप में इसे अपने पास रखें। अध्ययन केंद्र सत्रीय कार्यों के अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजता है।

### सत्रीय कार्य करने के लिए निर्देश

हम आपसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500–700 शब्दों के बीच देने अथवा जैसा सत्रीय कार्य में उल्लेख किया गया है, के अनुसार देने की आशा करते हैं। निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखना आपके लिए उपयोगी होगाः

1) **योजना बनानाः** सत्रीय कार्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। उन इकाइयों का अध्ययन करें जिन पर ये सत्रीय कार्य आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ बातें नोट कर लें और तत्पश्चात उन्हें तर्कसंगत क्रम से व्यवस्थित करें।

2) **संगठनः** अपने उत्तरों की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले उनके चयन और विश्लेषण पर थोड़ा अधिक ध्यान दें। निबंध जैसे किसी प्रश्न का उत्तर देते समय प्रस्तावना और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें। यह सुनिश्चित करें किः
   - क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है।
   - ख) उत्तर के वाक्यों और अनुच्छेदों/पैराग्राफों के बीच स्पष्ट संबंध है।
   - ग) आपने अपनी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति को उपयुक्त महत्व देते हुए उत्तर सही–सही लिखा है।

3) **प्रस्तुतिः** जब आपको अपने उत्तर संतोषजनक लगें तो आप उन्हें भेजने के लिए अंतिम रूप देकर लिख लें। प्रत्येक उत्तर स्पष्ट रूप से लिखें और जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित करें।

शुभकामनाओं सहित,

**प्रो. (डॉ.) पारोमिता भुक्लावैद्या**
**कार्यक्रम संयोजक, डीटीएस**

## सत्रीय कार्य जमा कराने की अनुसूची
## जनवरी सत्र के लिए

| अनिवार्य पाठ्यक्रम | अंतिम तारीख | वैकल्पिक पाठ्यक्रम | अंतिम तारीख |
|---|---|---|---|
| टीएस–1 | **15 अप्रैल 2023** | टीएस–4 | **15 अक्तूबर 2023** |
| टीएस–2 | **15 अप्रैल 2023** | टीएस–5 | **15 अक्तूबर 2023** |
| टीएस–3 | **15 अक्तूबर 2023** | टीएस–6 | **15 अक्तूबर 2023** |

## जुलाई सत्र के लिए

| अनिवार्य पाठ्यक्रम | अंतिम तारीख | वैकल्पिक पाठ्यक्रम | अंतिम तारीख |
|---|---|---|---|
| टीएस–1 | **15 अक्तूबर 2023** | टीएस–4 | **15 अप्रैल 2024** |
| टीएस–2 | **15 अक्तूबर 2023** | टीएस–5 | **15 अप्रैल 2024** |
| टीएस–3 | **15 अप्रैल 2024** | टीएस–6 | **15 अप्रैल 2024** |

**टीएस–1 : पर्यटन में आधार पाठ्यक्रम**
**(अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)**

**पाठ्यक्रम कोड : टीएस–1** | **कार्यक्रम :डीटीएस**
**कुल अंक : 100** | **सत्रीय कार्य कोड : टीएस–1/टीएमए/2023**

---

**नोटः** इस सत्रीय कार्य में दस प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें से आपको किन्हीं पॉच प्रश्नों के उत्तर लगभग 600–600 शब्दों में लिखने हैं। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है। अपने अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।

---

1. यात्रा (टूर) की आवश्यक विशेषताएँ क्या हैं? पैकेज टूर एक लोकप्रिय परिघटना क्यों है? 20
2. पर्यटन के विभिन्न रूपों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए। 20
3. निम्नलिखित को परिभाषित कीजिएः– (5x4=20)
   (क) वैकल्पिक (Alternative) पर्यटन
   (ख) सत्त (Sustainable) पर्यटन
   (ग) वी.एफ.आर.
   (घ) व्यापार और प्रोत्साहन (Incentive) यात्रा
4. पर्यटन के इतिहास में सिल्क रूट और ग्रैंड टूर के महत्व की चर्चा कीजिए। 20
5. यूएनडब्ल्यूटीओ (UNWTO) के मौलिक लक्ष्यों और उद्देश्यों पर चर्चा करें। 20
6. निम्नलिखित को परिभाषित कीजिएः– (5x4=20)
   (क) ताई (TAAI)
   (ख) एफएचआरएआई (FHRAI)
   (ग) आईएटीओ (IATO)
   (घ) पाटा (PATA)
7. किस प्रकार मौसमी उत्सव हस्तशिल्प, हथकरघे के साथ–साथ पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकते हैं? उदाहरण सहित समझाइए। 20
8. टूर प्रोग्राम पर काम करते समय टूर ऑपरेटरों द्वारा विचार किए जाने वाले विभिन्न पैरामीटर क्या हैं? उदाहरणों की सहायता से समझाइए। 20
9. मानचित्र कितने प्रकार के होते हैं? भारत में मानचित्र निर्माण के इतिहास में शाल्व सूत्र और अर्थशास्त्र का क्या महत्व है? 20
10. पर्यटन में उत्पाद से आप क्या समझते हैं? सेवा उत्पाद की पांच प्रमुख विशेषताएं क्या हैं? 20

# टीएस–2 : पर्यटन विकास : उत्पाद, संचालन और स्थिति अध्ययन
## (अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)

**पाठ्यक्रम कोड : टीएस–2** | **कार्यक्रम : डीटीएस**
**कुल अंक : 100** | **सत्रीय कार्य कोड : टीएस–2/टीएमए/2023**

---

**नोटः** इस सत्रीय कार्य में दस प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें से आपको किन्हीं पॉच प्रश्नों के उत्तर लगभग 600–600 शब्दों में लिखने हैं। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है। अपने अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।

---

1. पर्यटकों की प्रोफाइलिंग का अर्थ और महत्व क्या है? उपयुक्त उदाहरण देकर अपने उत्तर को प्रमाणित करें। 20

2 पर्वतीय गाइड की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 20

3 ‘‘नृत्य और संगीत पर्यटन में मनोरंजन की कुंजी है’’। टिप्पणी करें। 20

4 वन्य जीवन दौरे के लिए क्या करें और क्या न करें पर चर्चा करें। 20

5 संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 10X2=20
   क) तीर्थयात्रा पर्यटन
   ख) समुद्र तट पर्यटन

6 पर्यटन में कला और शिल्प की प्रासंगिकता का वर्णन किजिए। 20

7 पर्यटन सृजन गतिविधियों पर जनसंपर्क के प्रभाव पर एक टिप्पणी लिखिए। 20

8 पर्यटन में राजमार्ग सेवाओं का वर्णन कीजिए। उपयुक्त उदाहरण दीजिए। 20

9 मौसमी (seasonality) क्या है? पहाड़ी पर्यटन में मौसमी (seasonality) क्या भूमिका निभाता है। 20

10 संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 10X2=20

   क) थीम डिनर
   ख) पर्यटन का समाजशास्त्र

# टीएस–3 : पर्यटन के क्षेत्र में प्रबंधन
## (अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)

**पाठ्यक्रम कोड : टीएस–3** | **कार्यक्रम : डीटीएस**
**कुल अंक : 100** | **सत्रीय कार्य कोड : टीएस–3/टीएमए/2023**

**नोट :** इस टीएमए में दस प्रश्न हैं, जिनमें से आपको किन्हीं पाँच प्रश्नों को हल करना है। प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक हैं और प्रत्येक का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दिया जाना चाहिए। अपना टीएमए अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को भेजें।

---

1. प्रबंधकीय भूमिकाओं, कार्यों और उत्तरदायित्वों से आप क्या समझते हैं? 20
2. संगठनात्मक संस्कृति के विभिन्न आयाम क्या हैं? संगठनात्मक संरचना के घटकों की चर्चा कीजिए। 20
3. आप नियोजन को कैसे परिभाषित करेंगे? योजना बनाने में शामिल विभिन्न चरण क्या हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 20
4. निम्नलिखित को परिभाषित कीजिए : (5x4=20)
   क) प्रतिक्रिया (Feedback) नियंत्रण
   ख) प्रभावी संचार का महत्व
   ग) एम.ओ.टी. (MOT)
   घ) बजटीय नियंत्रण
5. समूह मानदंड और मूल्य क्या हैं? एक छोटा समूह अपने सदस्यों के व्यवहार को कैसे प्रभावित कर सकता है? 20
6. पर्यटन में मानव संसाधन प्रबंधन और मानव संसाधन योजना के महत्व पर चर्चा करें। 20
7. बजट कितने प्रकार के होते हैं? पर्यटन उद्योग में बजट का क्या महत्व है? 20
8. आप भविष्य के पर्यटन संचालन में प्रौद्योगिकी की भूमिका को कैसे समझते हैं? पर्यटन उद्योग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की क्या भूमिका है? 20
9. "एक परियोजना का निर्माण आम तौर पर एक परियोजना रिपोर्ट तैयार करने से समाप्त होता है"। विस्तार में बताएं। 20
10. किसी पर्यटन उत्पाद/गंतव्य के विपणन में पीआर (PR) सेवाओं की क्या भूमिका है? भारतीय पर्यटन में पीआर (PR) के लिए चुनौतियों पर चर्चा करें। 20

# टीएस–4 : भारतीय संस्कृति : पर्यटन के लिए परिपेक्ष्य
## (अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)

**पाठ्यक्रम कोड : टीएस–4** | **कार्यक्रम : डीटीएस**
**कुल अंक : 100** | **सत्रीय कार्य कोड : टीएस–4 / टीएमए / 2023**

---

**नोट :** इस टीएमए में दस प्रश्न हैं, जिनमें से आपको किन्हीं पाँच प्रश्नों को हल करना है। प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक हैं और प्रत्येक का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दिया जाना चाहिए। अपना टीएमए अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को भेजें।

---

1. ''पुरातत्विक स्थल'' क्या है? पुरातत्विक स्थलों के पर्यटन में महत्व पर चर्चा कीजिए। 20

2. पर्यटन और संस्कृति कैसे अपास में जुड़े हुए है? उपयुक्त उदाहरण देकर अपने उत्तर को प्रमाणित करें।20

3. ''विश्व धरोहर स्थलों'' का क्या अर्थ है? **पाँच** विश्व धरोहर स्थलों की विषेशताओं का वर्णन कीजिए। 20

4. ''विश्व धरोहर स्थल घोशणा'' पर एक निबंध लिखिए। 20

5. 20वीं शताब्दी के शुरूआती वर्षों के दौरान संगीत की वृद्धि और विकास पर चर्चा करें। 20

6. पर्यटन विपणन में सिनेमा की क्या भूमिका है? उपयुक्त उदहारण दीजिए। 20

7. संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये : 2x10=20
   क) अनेकता में एकता
   ख) समकालिक परंपरा

8. संग्रहालय के लेखों का अधिग्रहण करने के विभिन्न तरीकों का वर्णन करें। 20

9. भारतीय वेशभूषा के कुछ मुख्य रूपों का वर्णन कीजिए। उदाहरण दीजिए। 20

10. संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 2x10=20
    क) विरासत का संरक्षण
    ख) आधुनिक चित्र

**टीएस–5 : पारिस्थितिकी, पर्यावरण और पर्यटन**
**(अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)**

**पाठ्यक्रम कोड : टीएस–5** | **कार्यक्रम : डीटीएस**
**कुल अंक : 100** | **सत्रीय कार्य कोड : टीएस–5 / टीएमए / 2023**

---

**नोट :** इस टीएमए में दस प्रश्न हैं, जिनमें से आपको किन्हीं पाँच प्रश्नों को हल करना है। प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक हैं और प्रत्येक का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दिया जाना चाहिए। अपना टीएमए अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को भेजें।

---

1. अजैविक पर्यावरण से आप क्या समझते हैं? प्रत्येक अजैविक कारक की सूची बनाएं और समझाएं। 20
2. पारिस्थितिक तंत्र में ''ऊर्जा के प्रवाह'' की व्याख्या करें और ट्रॅफिक लेवल (Trophic Level) के माध्यम से ऊर्जा हस्तांतरण के प्रभावों पर प्रकाश डालें। 20
3. हमारे पर्यावरण पर प्रदूषण के कारण और प्रभाव की चर्चा कीजिए। उपयुक्त उदाहरणों के साथ अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए। 20
4. साहसिक (Adventure) खेलों से आप क्या समझते हैं? पर्यावरण पर साहसिक खेलों के प्रभाव और प्रतिकूल प्रभावों को कम करने की पहल पर चर्चा करें। 20
5. निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट करें : 4 x 5=20

    क) धीमा परिवर्तन और तेज़ परिवर्तन

    ख) मीठे पानी के बायोम और समुद्री बायोम

    ग) सहभोजिता और परजीवीवाद

    घ) उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन और उष्णकटिबंधीय वर्षा वन

    च) ट्रांस–हिमालय और हिमालय क्षेत्र
6. पर्यटन उद्देश्यों के लिए तटीय क्षेत्रों का विकास करते समय विचार किए जाने वाले विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों पर चर्चा कीजिए। 20
7. 'जीव समुदाय' शब्द से आप क्या समझते हैं? उदाहरणों की सहायता से एक जैविक समुदाय के सदस्यों के बीच अन्योन्यक्रियाओं की व्याख्या कीजिए। 20
8. उत्तरदायी पर्यटन को परिभाषित कीजिए। उत्तरदायित्वपूर्ण पर्यटन विकास में सरकारए उद्योग और स्थानीय समुदाय की भूमिका की व्याख्या कीजिए। 20
9. उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से पर्यटन के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आर्थिक लाभों की चर्चा कीजिए। 20
10. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिएः 2X10= 20

    क) बायोम

    ख) संसाधन विभाजन

    ग) पर्यटन के लिए जैव विविधता का महत्व

**टी एस–6 : पर्यटन विपणन**
**(अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)**

**पाठ्यक्रम कोड : टीएस–6** **कार्यक्रम : डीटीएस**
**कुल अंक : 100** **सत्रीय कार्य कोड : टीएस–6/टीएमए/2023**

---

**नोट :** इस टीएमए में दस प्रश्न हैं, जिनमें से आपको किन्हीं पाँच प्रश्नों को हल करना है। प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक हैं और प्रत्येक का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दिया जाना चाहिए। अपना टीएमए अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को भेजें।

---

1. प्रासंगिक उदाहरण देते हुए व्याख्या कीजिए कि पर्यटन विपणन एक जटिल प्रक्रिया क्यों है। 20
2. बाजार–विभाजन (Segmentation) से क्या तात्पर्य है? पर्यटन–बाजार के विभाजन के लिए प्रयुक्त होने वाले घटकों पर विचार कीजिए। 20
3. प्रतियोगिता विश्लेषण और रणनीतियों को परिभाषित कीजिए। पर्यटन विपणन में इनकी आवश्यकता क्यों हैं? उपयुक्त उदाहरणों के साथ लिखिए। 20
4. परिचय (familiarization) यात्राएँ आयोजित करने के उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए। परिचय यात्राओं के लिए आप किन्हें आमंत्रित करेंगे और किस प्रकार के पर्यटक अथवा गंतव्य स्थल पर जाना चाहेंगे ? 20
5. प्रोडक्ट मिक्स, प्रोडक्ट लाइन और प्रोडक्ट आइटम को परिभाषित कीजिए। पर्यटन उत्पाद के रचना (Design) करते समय कौन–कौन से पक्ष विचारणीय होते हैं ? 20
6. सतत (sustainable)–पर्यटन को परिभाषित कीजिए। सामाजिक उत्तरदायित्वपूर्ण विपणन किस प्रकार से एक गंतव्य के विकास में योगदान करता है ? 20
7. पर्यटन–गंतव्यों के विपणन में राष्ट्रीय–पर्यटक संगठन की भूमिका एवं महत्व पर विचार कीजिए। 20
8. पर्यटन विपणन में 'पंचम पी (fifth P)' पर एक विस्तृत टिप्पणी लिखिए। समुचित उदाहरण से अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए। 20
9. पर्यटन उत्पादों और सेवाओं के वितरण चैनलों के विभिन्न स्तरों का वर्णन कीजिए। वितरण चैनलों के चयन को प्रभावित करने वाले कारकों की भी व्याख्या कीजिए। 20
10. निम्नलिखित पर लगभग 150 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए। (4x5=20)

    क) बाजार अनुसंधान का उद्देश्य

    ख) एआईडीए (AIDA) फॉर्मूला

    ग) प्रचार के उपकरण के रूप में सूचना–प्रपत्र

    घ) पर्यटन जागरूकता में एन.जी.ओ. की भूमिका